Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a working women hostel in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh - laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र गोरखपुर पूर्वांचल का मुख्य शहर है, जहां पर एम्स, मेडिकल कॉलेज, रेलवे का मुख्यालय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के साथ-साथ एयरफोर्स बेस कैम्प, इसके अलावा यहां कई प्राईवेट कम्पनियां कार्यरत हैं, जहां पर पूरे उत्तर प्रदेश सहित बिहार व पड़ोसी देश नेपाल के लोग भी यहां भारी मात्रा में रहते हैं तथा अलग-अलग प्रतिष्ठानों में कार्य करते हैं तथा पढ़ते हैं । इनमें महिलायें भी शामिल हैं तथा इनमें से बहुत-सी महिलायें अकेले यहां नौकरी करती है । जो घर परिवार से दूर गोरखपुर में अकेली रहती है, जिससे उनके मन में असुरक्षा की भावना बनी रहती है । ऐसे अगर कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास हो जाता है तो महिलायें सुरक्षित महसूस करेंगी । अतः मैं माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र की महिलाओं की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक कामकाजी महिला छात्रावास की स्थापना की जाये जिससे यहां की महिलाओं को सहूलियत हो सके ।